2.	Portal Tender No. 28406	उपसंभाग आगर के अन्तर्गत गैर रहवासीभवनों ए. आर. एस. आर. एम. ओ. डब्ल्यू. का कार्य.	10.00 (रु. दस लाख मात्र)	20,000/- (रु. बीस हजार मात्र)	09 माह वर्षाकाल सहित.	"अ" से "स"
3.	Portal Tender No. 28407	उपसंभाग सुसनेर के अन्तर्गत रहवासीभवनों ए. आर. एस. आर. एम. ओ. डब्ल्यू. का कार्य.	10.00 (रु. दस लाख मात्र)	20,000/- (रु. बीस हजार मात्र)	09 माह वर्षाकाल सहित.	"अ" से "स"
4.	Portal Tender No. 28408	उपसंभाग सुसनेर के अन्तर्गत गैर रहवासीभवनों ए. आर. एस. आर. एम. ओ. डब्ल्यू. का कार्य.	10.00 (रु. दस लाख मात्र)	20,000/- (रु. बीस हजार मात्र)	09 माह वर्षाकाल सहित.	"अ" से "स"
		योग	**40.00 लाख**			

उपरोक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्युमेन्ट) वेबसाईट के माध्यम से क्रय किया जाएगा. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है. यदि निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है तो वह प्रकाशित नहीं किया जावेगा. संशोधन वेबसाईट **https://www.mpeproc.gov.in** पर देखा जा सकता है. निविदा की प्रमुख तिथियां निम्नानुसार हैं:-

1. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने हेतु 02 जून, 2016, 17.30 तक.
2. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन सबमिशन हेतु **दिनांक 04 जून, 2016, 17.30 तक**
3. मूलधरोहर राशि एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु दिनांक 07 जून, 2016, 17.30 तक
4. फाइनेंशियल बिड खोले जाने हेतु दिनांक 08 जून, 2016, 11.00

मूल धरोहर राशि एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत न करने वाले निविदाकारों की निविदायें नहीं खोली जावेंगी.

(427)

दिनांक 23 मई, 2016

क्र. 02/2016-17 नि.लिपिक.—निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती हैं. कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट **https://www.mpeproc.gov.in** पर देखी जा सकती हैं:-

क्र.	निविदा क्र.	कार्य का नाम	ठेके की अनुमानित राशि	अमानत राशि	कार्य पूर्ण करने की निर्धारित अवधि	ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7
1.	Portal Tender No. 28409	उपसंभाग आगर के अन्तर्गत सी. डी. रिपेयर का कार्य.	10.00 (रु. दस लाख मात्र)	20,000/- (रु. बीस हजार मात्र)	09 माह वर्षाकाल सहित.	"अ" से "स"
2.	Portal Tender No. 28410	उपसंभाग सुसनेर के अन्तर्गत सी. डी. रिपेयर का कार्य	10.00 (रु. दस लाख मात्र)	20,000/- (रु. बीस हजार मात्र)	09 माह वर्षाकाल सहित.	"अ" से "स"
3.	Portal Tender No. 28411	संभाग आगर-मालवा के अन्तर्गत ट्रक ट्रान्सपोंटेशन का कार्य.	2.00 (रु. दो लाख मात्र)	4,000/- (रु. चार हजार मात्र)	09 माह वर्षाकाल सहित.	"अ" से "स"
		योग . .	**22.00 लाख**			

उपरोक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्युमेन्ट) वेबसाईट के माध्यम से क्रय किया जाएगा. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है. यदि निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है, तो वह प्रकाशित नहीं किया जावेगा. संशोधन वेबसाईट **https://www.mpeproc.gov.in** पर देखा जा सकता है. निविदा की प्रमुख तिथियां निम्नानुसार हैं :-

1. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने हेतु 02 जून, 2016, 17.30 तक.
2. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन सबमिशन हेतु दिनांक 04 जून, 2016, 17.30 तक.
3. मूलधरोहर राशि एवं अन्य दस्तावेज **प्रस्तुत करने हेतु दिनांक 07 जून, 2016, 17.30 तक.**
4. फाइनेंशियल बिड खोले जाने हेतु दिनांक 08 जून, 2016, 11.00

मूल धरोहर राशि एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत न करने वाले निविदाकारों की निविदायें नहीं खोली जावेंगी.

सुधीर कुमार गुप्ता,
कार्यपालन यंत्री लो. नि. वि. संभाग,
आगर-मालवा.

(427-A)

न्यायालयों की सूचनाएं

न्यायालय पंजीयक, लोक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी, अनुभाग-कोतवाली, जबलपुर

प्रकरण क्र. 06/बी-113(4)/2015-16.

प्रारूप-4

[नियम 5 (1) देखिये]

[मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 की धारा-5 (2) एवं मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1962 के नियम 5 (1) के अंतर्गत]

आवेदक श्री साई दरबार ट्रस्ट/श्री साई नारायण दरबार द्वारा डॉ. टी. के. श्रीनिवासन प्रबंधक न्यासी, निवासी-877, पी.एन.टी. गेट नं. 4 के पास, जबलपुर के द्वारा न्यास के पंजीयन हेतु मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 के नियम-4 के अधीन नीचे अनुसूची में दर्शाई गई संपत्ति लोक न्यास की तरह विनिर्दिष्ट कर पंजीयन हेतु आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है.

अत: एतद्द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदन पर संधारित प्रकरण मेरे न्यायालय में दिनांक 06 जून, 2016 को विचार के लिए नियत है. कोई भी व्यक्ति/संस्था उक्त न्यास या संपत्ति में हित रखता हो और उसके बारे में कोई आपत्ति प्रस्तुत करने या सुझाव देने का विचार रखता हो, उसे इस सूचना के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन/दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है अथवा उक्त नियत दिनांक को न्यायालय में मेरे समक्ष स्वयं या अपने अभिभाषक या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत करें. उपरोक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों/दावों/सुझावों पर कोई विचार के लिये ग्राह्य नहीं किया जावेगा.

अनुसूची

(लोक न्यास का नाम और पता तथा संपत्ति का विवरण)

1.	लोक न्यास का नाम एवं पता	:	श्री साई दरबार ट्रस्ट/श्री साई नारायण दरबार निवासी-877, पी.एन.टी. गेट नं. 4 के पास, जबलपुर.
2.	चल सम्पत्ति	:	सोना, चांदी, बर्तन एवं अनुमानित कीमत 5,00,000/- (पाँच लाख मात्र) नगद-24,89,882/- (चौबीस लाख, नवासी हजार, आठ सौ ब्यासी रुपये मात्र).
3.	अचल सम्पत्ति	:	मौजा सुनारवाडी न.ब. 425, प.ह.नं. 31, रा.नि. मं. जबलपुर-1 स्थित भूमि खसरा नं. 345 प्लाट नं. 14 एवं 15 कुल रकवा 2211 वर्गफुट.
4.	न्यास की आय का साधन	:	दान द्वारा.

(425)

प्रकरण क्र. 7/बी-113(4)/2015-16.

प्रारूप-4

[नियम 5 (1) देखिये]

[मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 की धारा-5 (2) एवं मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1962 के नियम 5 (1) के अंतर्गत]

आवेदक शिक्षा ट्रस्ट होरीजोन ट्रस्टी प्रा. लि. द्वारा डायरेक्टर श्री अशोक कुमार रतिराम लेंजीवार 112, बाई का बाग, इलाहाबाद (उ.प्र.) एवं श्री प्रदीप पाण्ड्या, 2562, राईट टाउन, जबलपुर, मध्यप्रदेश के द्वारा न्यास के पंजीयन हेतु मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1962 के नियम-4 के अधीन नीचे अनुसूची में दर्शाई गई संपत्ति लोक न्यास की तरह विनिर्दिष्ट कर पंजीयन हेतु आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है.

अत: एतद्द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदन पर संधारित प्रकरण मेरे न्यायालय में दिनांक 13 जून, 2016 को विचार के लिए नियत है. कोई भी व्यक्ति/संस्था उक्त न्यास या संपत्ति में हित रखता हो और उसके बारे में कोई आपत्ति प्रस्तुत करने या सुझाव देने का विचार रखता हो, उसे इस सूचना के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन/दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है अथवा उक्त नियत दिनांक को न्यायालय में मेरे समक्ष स्वयं या अपने अभिभाषक या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत करें. उपरोक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों/दावों/सुझावों पर कोई विचार के लिये ग्राह्य नहीं किया जावेगा.

अनुसूची

(लोक न्यास का नाम और पता तथा संपत्ति का विवरण)

1.	लोक न्यास का नाम एवं पता	:	शिक्षा ट्रस्ट होरीजोन ट्रस्टी प्रा. लि. 903, गोलबाजार, जबलपुर, पिन कोड 482002 मध्यप्रदेश.
2.	चल सम्पत्ति	:	निरंक.
3.	अचल सम्पत्ति	:	निरंक.
4.	न्यास की आय का साधन	:	निरंक (Will generate in future)

अंकुर मेश्राम,
अनुविभागीय अधिकारी.

(404)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं लोक न्यास पंजीकरण अधिकारी, श्योपुर

श्योपुर, दिनांक 23 अप्रैल, 2016

लोक न्यासों के पंजीयक, श्योपुर, जिला श्योपुर के समक्ष

यत: कि अभिषेक शर्मा पुत्र अशोक शर्मा, निवासी बडौदा रोड, श्योपुर ने मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 की धारा-4 के अन्तर्गत एक आवेदन अनुसूची में विनिर्दिष्ट सम्पत्ति के लिए लोक न्यास के रूप में पंजीकृत किये जाने के लिए आवेदन किया है. एतद्द्वारा सूचना-पत्र दिया जाता है कि कथित आवेदन पर दिनांक 23 मई, 2016 को मेरे न्यायालय में विचार में लिया जाएगा.

किसी आपत्ति या सुझाव को करने का आशय रखते हुए कथित न्यास या सम्पत्ति में हितबद्ध कोई व्यक्ति को इस सूचना-पत्र के प्रकाशन की तारीख से एक माह के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन प्रस्तुत करना चाहिए और मेरे समक्ष उपरोक्त तारीख पर या तो व्यक्तिश: अथवा प्लीडर या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होना चाहिए. उपरोक्त अवधि के अवसान के उपरांत प्राप्त आपत्तियों को विचार में नहीं लिया जाएगा.

अनुसूची

1.	लोक न्यास का नाम एवं पता	:	मंदिर श्री गोपाल जी पुख्ता स्थित ग्राम मिठेपुरा है तथा सम्पत्ति ग्राम मिठेपुरा, जिला श्योपुर में स्थित भूमि सर्वे क्र. 22, 23/1, 24/12 एवं 134 कुल रकवा 08 बीघा, 09 विस्वा है.

आर. के. दुबे,
अनुविभागीय अधिकारी एवं पंजीयक.

(403)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्टर्ड, पब्लिक ट्रस्ट, राज. परि. टी. टी. नगर, वृत्त भोपाल

प्र.क्र. /बी-113/2015-16.

प्रारूप-4

[नियम-5 (1) देखिये]

[मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 की धारा-5 (2) एवं मध्यप्रदेश लोक न्यास नियम-1962 के नियम-(1) के अन्तर्गत]

जैसाकि श्रीमती मंजू सोनी मेमोरियल एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा मैनेजिंग ट्रस्टी श्री स्वयं सोनी स्प्राउट्स आकृति प्री स्कूल आकृति ईको सिटी ई-8, एक्सटेंशन बावडियाकलां, भोपाल "श्रीमती मंजू सोनी मेमोरियल एजुकेशनल ट्रस्ट" स्प्राउट्स आकृति प्री स्कूल आकृति ईको सिटी ई-8 एक्सटेंशन बावडियाकलां, भोपाल लोक न्यास अधिनियम, 1951 की धारा-4 एवं मध्यप्रदेश लोक न्यास नियम-1962 के नियम-2 के तहत् एक आवेदन-पत्र अनुसूची में विनिर्दिष्ट सम्पत्ति के लिए लोक न्यास के रूप में पंजीकृत किए जाने हेतु आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है.

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदन-पत्र पर मेरे न्यायालय में दिनांक 26 मई, 2016 को विचार किया जायेगा. कोई भी व्यक्ति जो उक्त ट्रस्ट या सम्पत्ति में हित रखते हों और कोई आपत्ति या सुझाव देना चाहते हों, वह इस सूचना के प्रकाशन के एक माह के अन्दर अपनी आपत्ति अथवा सुझाव देना चाहते हों, वे इस सूचना के प्रकाशन के एक माह के अन्दर अपनी आपत्ति एवं सुझाव दो प्रतियों में मेरे समक्ष स्वयं अथवा यथा स्थिति विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है. उपरोक्त अवधि व्यतीत होने के उपरान्त प्राप्त आपत्तियों पर विचार में नहीं लिया जाएगा.

अनुसूची

1. ट्रस्ट का नाम	:	"श्रीमती मंजू सोनी मेमोरियल एजुकेशनल ट्रस्ट"
2. अचल सम्पत्ति	:	निल.
3. चल सम्पत्ति	:	1,00,000=00

आज दिनांक 07 मई, 2016 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी की गई.

कमल सोलंकी,
रजिस्ट्रार.

(405)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्ट्रार, पब्लिक ट्रस्ट, तहसील हुजूर, भोपाल

प्र.क्र. 2/बी-113/2015-16.

[मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट अधिनियम, 1951 की धारा-5 (1) पब्लिक ट्रस्ट अधिनियम, 1952 के नियम-5 (1) के अन्तर्गत]

जैसा कि "श्यामा गौ सेवा संस्थान" बी-102, जे.के. टाउन, सर्वधर्म, सी सेक्टर, कोलार रोड, भोपाल की ओर से मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट, अधिनियम, 1951 की धारा-4 के अंतर्गत अनुसूची में दर्शाई गई सम्पत्ति के पब्लिक ट्रस्ट के रूप में पंजीयन हेतु आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है.

2. एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदन मेरे न्यायालय में मेरे द्वारा दिनांक 16 जून, 2016 को विचार में लिया जावेगा. कोई भी व्यक्ति जो उक्त ट्रस्ट में या सम्पत्ति में हित रखता हो या कोई आपत्ति या सुझाव देना चाहते हो, लिखित में दो प्रतियों में इस सूचना के प्रकाशन के "एक माह" के भीतर प्रस्तुत करें अथवा उक्त दिनांक को मेरे समक्ष स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्तियां प्रस्तुत कर सकता है. उपर्युक्त अवधि समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

अनुसूची

1. ट्रस्ट का नाम व पता	:	"श्यामा गौ सेवा संस्थान" बी-102, जे.के. टाउन, सर्वधर्म, सी सेक्टर, कोलार रोड, भोपाल.
2. अचल सम्पत्ति	:	निल.
3. चल सम्पत्ति	:	1,100/- रुपये मात्र.

आज दिनांक 12 मई, 2016 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया.

(406)

प्र.क्र. 3/बी-113/2015-16.

[मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट अधिनियम, 1951 की धारा-5 (1) पब्लिक ट्रस्ट अधिनियम, 1952 के नियम-5 (1) के अन्तर्गत]

जैसाकि ''श्री वैदिक मानव सेवाश्रम न्यास (ट्रस्ट)'' 53, मंदाकिनी कॉलोनी, कोलार रोड, जिला भोपाल की ओर से मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट, अधिनियम, 1951 की धारा-4 के अन्तर्गत अनुसूची में दर्शाई गई सम्पत्ति के पब्लिक ट्रस्ट के रूप में पंजीयन हेतु आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है.

2. एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदन मेरे न्यायालय में मेरे द्वारा दिनांक 16 जून, 2016 को विचार में लिया जावेगा. कोई भी व्यक्ति जो उक्त ट्रस्ट में या सम्पत्ति में हित रखता हो या कोई आपत्ति या सुझाव देना चाहते हो, लिखित में दो प्रतियों में इस सूचना के प्रकाशन के ''एक माह'' के भीतर प्रस्तुत करें अथवा उक्त दिनांक को मेरे समक्ष स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्तियां प्रस्तुत कर सकता है. उपर्युक्त अवधि समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

अनुसूची

1. ट्रस्ट का नाम व पता	:	''श्री वैदिक मानव सेवाश्रम न्यास (ट्रस्ट)'' 53, मंदाकिनी कॉलोनी, कोलार रोड, जिला भोपाल.
2. अचल सम्पत्ति	:	निल.
3. चल सम्पत्ति	:	21,000/- रुपये मात्र.

आज दिनांक 12 मई, 2016 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया.

(406-A)

प्र.क्र. 01/बी-113/2015-16.

[मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट अधिनियम, 1951 की धारा-5 (1) पब्लिक ट्रस्ट अधिनियम, 1952 के नियम-5 (1) के अन्तर्गत]

जैसाकि ''स्व. श्री मदन गोपाल स्मृति सेवा न्यास'' ग्राम कजलीखेड़ा, पोस्ट बैरागढ़, चीचली, कोलार रोड, भोपाल की ओर से मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट, अधिनियम, 1951 की धारा-4 के अन्तर्गत अनुसूची में दर्शाई गई सम्पत्ति के पब्लिक ट्रस्ट के रूप में पंजीयन हेतु आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है.

2. एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदन मेरे न्यायालय में मेरे द्वारा दिनांक 16 जून, 2016 को विचार में लिया जावेगा. कोई भी व्यक्ति जो उक्त ट्रस्ट में या सम्पत्ति में हित रखता हो या कोई आपत्ति या सुझाव देना चाहते हो, लिखित में दो प्रतियों में इस सूचना के प्रकाशन के ''एक माह'' के भीतर प्रस्तुत करें अथवा उक्त दिनांक को मेरे समक्ष स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्तियां प्रस्तुत कर सकता है. उपर्युक्त अवधि समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

अनुसूची

1. ट्रस्ट का नाम व पता	:	''स्व. श्री मदन गोपाल स्मृति सेवा न्यास'' ग्राम कजलीखेड़ा, पोस्ट बैरागढ़, चीचली, कोलार रोड, भोपाल.
2. अचल सम्पत्ति	:	निल.
3. चल सम्पत्ति	:	2,100/- रुपये मात्र.

आज दिनांक 12 मई, 2016 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया.

माया अवस्थी,
रजिस्ट्रार.

(406-B)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्ट्रार, पब्लिक ट्रस्ट, संत हिरदाराम नगर, बैरागढ़ वृत भोपाल

प्र.क्र.-4/बी-113/2015-16. भोपाल, दिनांक 22 अप्रैल, 2015

[मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट अधिनियम, 1951 की धारा-5 (1) के अन्तर्गत]

समक्ष रजिस्ट्रार पब्लिक ट्रस्ट, जिला भोपाल.

क्र.-941/रीडर/नजूल/2016.—जैसाकि आवेदक श्री रामचरण मेहर पुत्र स्व. श्री गोविन्द मेहर, निवासी ग्वालबाबा बस्ती, ग्राम बडवाई, तहसील हुजूर, जिला भोपाल द्वारा मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट अधिनियम, 1951 की धारा-4 के अन्तर्गत आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है.

2. एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदन मेरे न्यायालय में मेरे द्वारा दिनांक 19 मई, 2016 को विचार में लिया जावेगा. यदि कोई व्यक्ति या संस्था जो ट्रस्ट में या सम्पत्ति में हित रखता हो और आपत्ति या सुझाव देना चाहता हो तो लिखित में दो प्रतियों में सूचना के प्रकाशन के एक माह में मेरे समक्ष उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है. उपर्युक्त अवधि के समाप्त होने के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

अनुसूची

ट्रस्ट का नाम व पता	:	सिद्धेश्वरी माँ परमार्थ सेवा न्यास जिला मकान नं. 75, रतन कॉलोनी, ग्राम रूसल्ली करोंद बायपास, भोपाल.
अचल सम्पत्ति	:	संस्था की प्रारम्भिक अचल सम्पत्ति निरंक
चल सम्पत्ति	:	रुपये 2,100=00.

रवि कुमार सिंह,
रजिस्ट्रार.

(407)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं पंजीयक, लोक न्यास उपखण्ड, हटा (दमोह)

रा.प्र.क्र.-1 ब/113/2015-16. हटा, दिनांक 10 मई, 2016

प्रारूप-4

[नियम-5 (1) देखिये]

डॉ. विजय सिंह राजपूत पिता स्व. श्री बहादुर सिंह राजपूत

निवासी-आजाद वार्ड हटा, पो. व तहसील हटा, जिला दमोह

.....आवेदक.

बनाम

मध्यप्रदेश शासन

[मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 का 30) और मध्यप्रदेश लोक न्यास नियम, 1961 का नियम-5/1 के द्वारा]

यह है कि आवेदक डॉ. विजय सिंह राजपूत पिता स्व. बहादुर सिंह राजपूत, निवासी-आजाद वार्ड हटा, पो. व तहसील हटा, जिला दमोह द्वारा लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 का 30) की धारा-4 के अन्तर्गत आवेदन दिनांक 28 नवम्बर, 2015 प्रस्तुत कर अनुसूची में विनिर्दिष्ट सम्पत्ति के लिए न्यास के रूप में पंजीकृत किये जाने के लिए निवेदन किया गया है, एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदन-पत्र दिनांक 10 जून, 2016 को दिन के 12 बजे दोपहर को मेरे न्यायालय में विचार में लिया जावेगा.

अतएव सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि कोई व्यक्ति उक्त ट्रस्ट एवं सम्पत्ति जिसका विवरण नीचे परिशिष्ट में दिया गया है, के संबंध में आपत्ति, दावा पेश करना चाहते हैं तो वे उक्त नियत तिथि को इस न्यायालय में इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से एक माह के भीतर दो प्रतियों में लिखित में आपत्ति स्वतः या अपने अभिभाषक अथवा अधिकृत मुख्त्यार के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत अवधि के उपरांत प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

परिशिष्ट

1. लोक न्यास का नाम, पता : श्री गायत्री शक्तिपीठ, हटा, तहसील हटा, जिला दमोह (मध्यप्रदेश)
द्वारा संरक्षक, पं. श्रीराम शर्मा, आचार्य, शांतिकुंज, हरिद्वार.

2. सम्पत्ति का विवरण :

(अ) (1) मूर्तियां-माँ गायत्री, माँ दुर्गा जी और माँ सावित्री, (2) सोने का छत्र-1, मंगल-सूत्र-2, चाँदी का मुकुट-3, (3) तीन छत्र चाँदी के, (4) आरती सेट, (5) थाली, (6) कलश-8, (7) चाँदी की चूड़ी-2, (8) गले के तीन तिंदाने सोने के, (9) एक बूंदा सोने का, (10) टेबिल एक, कुर्सी 13, तखत 5, अलमारी 5 लोहे की, (11) स्पीकर सेट-3 एवं साहित्य, (12) साड़ी पोशाक-36, (13) एक किचिन सेट, (14) रसोइ गैस सेट.

(ब) (1) कृषि भूमि आबादी मौजा हटा, खास प.ह.नं. 32, रा.नि.मं. हटा, तहसील हटा, जिला दमोह, खाता क्रमांक 784, ख.नं. 65/1, 67/1 रकवा क्रमशः 0.045, 0.174 कुल रकवा 0.219 हे. यानि करीबन 23000 वर्गफुट, भूमि स्वामी का नाम-श्री 108 श्री गायत्री शक्तिपीठ, द्वारा संरक्षक, पं. श्रीराम शर्मा, आचार्य, शांतिकुंज, हरिद्वार (उ.प्र.).

(2) कृषि भूमि-मौजा हिनमतपटी, प.ह.नं. 49, ख.नं. 354 रकवा 1.60 हे.

(3) कृषि भूमि का मूल्य 8,00,000 रुपया.

(4) मंदिर, यज्ञ शाला, सभा कक्ष (प्रवचन हाल), सांस्कृतिक हाल-2 कमरा, कमरा-7 नीचे, 2 ऊपर कुल 20,00,000 रुपये से निर्मित.

(5) न्यास की आय के स्त्रोत-15000 रु. वार्षिक कृषि से, करीब 50,000 रु. चढ़ोतरी से.

(6) औसत सकल वार्षिक आय-1,10,000 रुपया.

(408)

रा.प्र.क्र.-1 ब/113/2014-15. हटा, दिनांक 10 मई, 2016

प्रारूप-4

[नियम-5 (1) देखिये]

श्रीमती सीतारानी पति स्व. रामरतन साहू

निवासी-काईखेड़ा, तहसील हटा, जिला दमोह

.....आवेदिका.

बनाम

मध्यप्रदेश शासन

[मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 का 30) और मध्यप्रदेश लोक न्यास नियम, 1961 का नियम-5/1 के द्वारा]

यह है कि आवेदिका श्रीमती सीतारानी पति स्व. रामरतन साह, निवासी-काईखेड़ा, तहसील हटा, जिला दमोह द्वारा लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 का 30) की धारा-4 के अन्तर्गत आवेदन दिनांक 01 जनवरी, 2014 प्रस्तुत कर अनुसूची में विनिर्दिष्ट सम्पत्ति के लिए न्यास के रूप में पंजीकृत किये जाने के लिए निवेदन किया गया है, एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदन-पत्र दिनांक 10 जून, 2016 को दिन के 12 बजे दोपहर को मेरे न्यायालय में विचार में लिया जावेगा.

अतएव सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि कोई व्यक्ति उक्त ट्रस्ट एवं सम्पत्ति जिसका विवरण नीचे परिशिष्ट में दिया गया है, के संबंध में आपत्ति, दावा पेश करना चाहते हैं तो वे उक्त नियत तिथि को इस न्यायालय में इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से एक माह के भीतर दो प्रतियों में लिखित में आपत्ति स्वतः या अपने अभिभाषक अथवा अधिकृत मुख्त्यार के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत अवधि के उपरांत प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

परिशिष्ट

1.	लोक न्यास का नाम, पता	:	मंदिर श्री श्री 1008 श्री राधाकृष्ण जी मंदिर, मौजा काईखेड़ा, तहसील हटा, जिला दमोह प्रबंधक श्रीमती सीतारानी पति स्व. रामरतन साह, निवासी-काईखेड़ा, तहसील हटा, जिला दमोह
2.	न्यासधारी या प्रबंधक के उत्तराधिकार की रीति	:	प्रबंधक अभी आवेदिका श्री श्रीमती सीतारानी पति स्व. रामरतन साहू रहेंगे मेरे द्वारा यहां कोई औलाद नहीं है, मेरे मरने के बाद उक्त मंदिर एवं मंदिर से लगी भूमि की देखरेख मध्यप्रदेश शासन लोक न्यास, हटा की देखरेख में होगी. जब तक मैं जिन्दा हूँ, तब तक में मंदिर की देख एवं पूजा अर्चना करूंगी मेरे मरने के बाद लोक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी, हटा भूमि व मंदिर की व्यवस्था शासन निर्देशों के तहत् संचालित करावें.
3.	सम्पत्ति का विवरण	:	संलग्न नक्शा अनुसार लगभग 12 लाख का मकान एवं 20 लाख की भूमि मंदिर की सामग्री लगभग 15-20 हजार की निम्नानुसार:— **1. सोने के जेवर**- (1) 10 गुरिया की माला एवं एक लाकिट राधा जी की, (2) 1 आना नथ राधा जी के लिये, (3) 10 गुरिया की दो 5-5, 10 माला श्री कृष्ण जी की. **2. चाँदी के जेवर**- (1) 1 मुरली चाँदी की श्री कृष्ण जी की, (2) 2 चूरा राधा जी के लिये, (3) 2 चूरा कंगन राधा जी के लिये 42 ग्राम, (4) 2 हार 15 ग्राम का राधा जी का, (5) 1 हार 15 ग्राम का राधा जी के लिये, (6) 2 पायलें राधा जी के लिये.

3. अन्य सामग्री- (1) तखत 1 नग, (2) पलंग पेटी बड़ी 1 नग, (3) हारमोनियम 1 नग, (4) 6 झूला, (5) 2 जोड़ी तारें, (6) फर्श 1 नग, (7) ढोलक, (8) 1 बाजा सेट.

4. कृषि भूमि- (1) मौजा काईखेड़ा स्थित भूमि ख.नं. 10, 16/2, 17 रकवा क्रमशः 0.44, 0.76, 0.80 कुल 2.00 हे. है.

नंदलाल सामरथ,
अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं पंजीयक.

(408-A)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं पंजीयक, लोक न्यास, गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर

प्र.क्र.-01/बी-113/2015-16.

[मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट अधिनियम, 1951 की धारा-5 (1) एवं पब्लिक ट्रस्ट अधिनियम, 1952 के नियम-5 (1) के अन्तर्गत]

समक्ष रजिस्ट्रार पब्लिक ट्रस्ट, तहसील गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर.

जैसाकि धूनी दरबार गढ़ी सांईखेड़ा ट्रस्ट स्थित ग्राम सांईखेड़ा, तहसील गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर मध्यप्रदेश द्वारा मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट अधिनियम, 1951 की धारा-4 के अन्तर्गत आवेदन-पत्र सूची में दर्शाये सम्पत्ति के अनुसार प्रायवेट ट्रस्ट के रूप में पंजीयन हेतु प्रस्तुत किया है. एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदन मेरे न्यायालय में मेरे द्वारा दिनांक 22 जून, 2016 को विचार में लिया जायेगा. कोई भी व्यक्ति जो ट्रस्ट में या सम्पत्ति में हित रखता हो और कोई आपत्ति या सुझाव देना चाहता हो, तो लिखित में दो प्रतियों में सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें अथवा उक्त दिनांक को स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे समक्ष उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्तियाँ प्रस्तुत कर सकता है. उपर्युक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

अनुसूची

ट्रस्ट का नाम व पता	:	धूनी दरबार गढ़ी सांईखेड़ा ट्रस्ट स्थित ग्राम सांईखेड़ा, तहसील गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर, मध्यप्रदेश.	
चल सम्पत्ति	:	1 चाँदी का छत्र	: अनुमानित कीमत लगभग 10 हजार रुपये.
		1 गाय	: अनुमानित कीमत लगभग 20 हजार रुपये.
		बर्तन	: अनुमानित कीमत लगभग 05 हजार रुपये.
		2 अलमारी	: अनुमानित कीमत लगभग 10 हजार रुपये.
		2 पेटी	: अनुमानित कीमत लगभग 05 हजार रुपये.
		2 बैट्री सहित इन्वर्टर	: अनुमानित कीमत लगभग 30 हजार रुपये.
		3 पानी की टंकी (सिंटेक्स)	: अनुमानित कीमत लगभग 20 हजार रुपये.
		दो कुं. की गेहूँ अनाज टंकी	: अनुमानित कीमत लगभग 10 हजार रुपये.
		6 सीलिंग फेन वर्तन	: अनुमानित कीमत लगभग 05 हजार रुपये.
		वाद्य यंत्र घंटा, झालर, तबला, पेटी	: अनुमानित कीमत लगभग 20 हजार रुपये.
		हवन आदि सामग्री	: अनुमानित कीमत लगभग 05 हजार रुपये.
		चल सम्पत्ति का कुल योग 1,40,000/- रुपये.	
अचल सम्पत्ति	:	भवन, मकान आदि का विवरण :—	
		मंदिर एवं भवन 200×200 =40000 वर्ग फिट, वर्तमान अनुमानित लागत 50 लाख रुपये.	

ट्रस्ट की कुल परिसंपत्तियों का अनुमानित मूल्य 51,40,000/-रुपये.

जे. पी. सैयाम,
अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व).

(409)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्ट्रार पब्लिक ट्रस्ट (ग्रामीण), रतलाम

क्र./01/बी-113(1)/2015-16. रतलाम, दिनांक 16 मई, 2016

फार्म-4

[नियम-5(1)देखिए]

[मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट एक्ट, 1951 की धारा-4(2) के तहत]

क्र.1024/आर-3/2016.—आवेदक अध्यक्ष गिरजा शंकर पिता शिवशंकर ब्राहम्मण एवं अन्य निवासी-ग्राम बिरमावल के द्वारा मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 की धारा-4 के अन्तर्गत ''ग्राम मांगरोल में राज भव्य शीतल धार्मिक चेरिटेबल ट्रस्ट'' के पंजीयन हेतु आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है.

2. अतएव जिस किसी भी व्यक्ति को ट्रस्ट या उसकी सम्पत्ति के प्रति रुचि हो, अथवा आपत्ति हो, तो प्रकरण में नियत दिनांक 16 जून, 2016 को इस न्यायालय में अपने लिखित वक्तव्य की प्रतियां प्रस्तुत करें और स्वयं या अपने अधिवक्ता अथवा एजेन्ट के द्वारा प्रातः 11 बजे नियत दिनांक को उपस्थित होवें. निर्धारित समय समाप्त होने पर प्रस्तुत आवेदन-पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

(पब्लिक ट्रस्ट का नाम, पता तथा सम्पत्ति का विवरण)

न्यास का पूरा नाम	..	''काशी विश्वनाथ धाम ट्रस्ट पंजीयन''.
अचल सम्पत्ति	..	भूमि रकबा 1.40 हे.
चल सम्पत्ति	..	2904632/-

अनुसूची-ब

चल सम्पत्ति का विवरण

काशी विश्वनाथ धाम ट्रस्ट ग्राम बिरमावल, जिला रतलाम मध्यप्रदेश हेतु सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, शाखा रतलाम बिरमावल, जिला रतलाम के बैंक एकाउण्ट नम्बर 3256131429 एवं एफ. डी. खाता क्रमांक 3447648328, 3261146600, 3258805057, 3318194733, 3513923558, 3413017346 कुल राशि 2904632 जमा है.

अनुसूची-अ

अचल सम्पत्ति का विवरण

काशी विश्वनाथ धाम ट्रस्ट ग्राम बिरमावल, जिला रतलाम मध्यप्रदेश में कृषि भूमि खाता नम्बर 106/2005, खसरा नम्बर 347/4 भूमि रकबा 1.40 हेक्टयर है.

नेहा भारतीय,
अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्ट्रार.

(410)

न्यायालय रजिस्ट्रार, पब्लिक ट्रस्ट, इन्दौर

(फार्म-चार)

[मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट एक्ट, 1951 (तीस) (95) की धारा-5 (2) व मध्यप्रदेश ट्रस्ट नियम, 1963 नियम-5 (1) के अंतर्गत]

श्री अब्दुल हफीज अशरफी, पता- 7/3, झलारिया रोड, खानकाह अशरफी नगर, खजराना, इन्दौर, जिला इन्दौर के द्वारा आवान ट्रस्ट इन्टरनेशनल, कार्यालय पता 259, शेरशाह सूरी नगर, खजराना, इन्दौर मध्यप्रदेश जिला इन्दौर के द्वारा पब्लिक ट्रस्ट एक्ट की धारा-4 के अन्तर्गत पब्लिक ट्रस्ट के पंजीयन हेतु आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है.

अतः सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति उक्त ट्रस्ट एवं उसकी सम्पत्ति जिसका विवरण नीचे परिशिष्ट में दिया गया है, के सम्बन्ध में आपत्ति अथवा दावा पेश करना चाहे तो वह नोटिस के राजपत्र में प्रकाशन की दिनांक से एक माह अर्थात् (30 दिन) के अंदर इस न्यायालय में न्यायालयीन दिवस एवं समय में स्वयं या अभिभाषक अथवा अधिकृत मुख्त्यार के माध्यम से आपत्ति दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते हैं अथवा पंजीकृत डाक द्वारा भी प्रेषित कर सकते हैं.

निश्चित अवधि के उपरांत प्राप्त आपत्तियों/दावों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

परिशिष्ट

(पब्लिक ट्रस्ट का नाम, पता एवं चल/अचल सम्पत्ति का विवरण)

ट्रस्ट का नाम	:	आवान ट्रस्ट इन्टरनेशनल.
पता	:	कार्यालय-259, शेरशाह सूरी नगर, खजराना, इन्दौर (मध्यप्रदेश).
अचल सम्पत्ति	:	निरंक.
चल सम्पत्ति	:	रुपये 5,000/- (अक्षरी रुपये पांच हजार मात्र).

आज दिनांक 06 मई, 2016 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से प्रसारित किया गया.

(411)

(फार्म-चार)

[मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट एक्ट, 1951 (तीस) (95) की धारा-5 (2) व मध्यप्रदेश ट्रस्ट नियम, 1963 नियम-5 (1) के अंतर्गत]

आवेदक हेमचन्द्र जैन पिता श्री कपूरचंद जैन, पता-29-30, उत्कर्ष विहार, मनीषपुरी के पास, इन्दौर अन्य-4 द्वारा श्री शांतिनाथ दि. जैन मंदिर समिति ट्रस्ट, कार्यालय पता-62, शीतलनगर ग्राम-खजराना (उत्कर्ष विहार) इन्दौर मध्यप्रदेश जिला इन्दौर के द्वारा पब्लिक ट्रस्ट एक्ट की धारा-4 के अन्तर्गत पब्लिक ट्रस्ट के पंजीयन हेतु आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है.

अत: सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति उक्त ट्रस्ट एवं उसकी सम्पत्ति जिसका विवरण नीचे परिशिष्ट में दिया गया है, के सम्बन्ध में आपत्ति अथवा दावा पेश करना चाहे तो वह नोटिस के राजपत्र में प्रकाशन की दिनांक से एक माह अर्थात् (30 दिन) के अंदर इस न्यायालय में न्यायालयीन दिवस एवं समय में स्वयं या अभिभाषक अथवा अधिकृत मुख्त्यार के माध्यम से आपत्ति दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते हैं अथवा पंजीकृत डाक द्वारा भी प्रेषित कर सकते हैं.

निश्चित अवधि के उपरांत प्राप्त आपत्तियों/दावों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

परिशिष्ट

(पब्लिक ट्रस्ट का नाम और पता एवं अचल-चल सम्पत्ति का विवरण)

ट्रस्ट का नाम	:	श्री शांतिनाथ दि. जैन मंदिर समिति ट्रस्ट.
पता	:	कार्यालय-62, शीतलनगर ग्राम-खजराना (उत्कर्ष विहार) इन्दौर (मध्यप्रदेश).
अचल सम्पत्ति	:	निरंक.
चल सम्पत्ति	:	चल सम्पत्ति में रुपये 11,000/- (अक्षरी रुपये ग्यारह हजार मात्र) हैं.

आज दिनांक 06 मई, 2016 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से प्रसारित किया गया.

(411-A)

(फार्म-चार)

[मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट एक्ट, 1951 (तीस) (95) की धारा-5 (2) व मध्यप्रदेश ट्रस्ट नियम, 1963 नियम-5 (1) के अंतर्गत]

आवेदक मनोज पिता रामगोपाल जोशी, पता-112/2, बैराठी कॉलोनी, इन्दौर अन्य-10 द्वारा श्रीगौड़ विद्या मंदिर संस्था, इन्दौर कार्यालय पता-40, रावजी बाजार मेन रोड, जूनी, इन्दौर मध्यप्रदेश, जिला इन्दौर के द्वारा पब्लिक ट्रस्ट एक्ट की धारा-4 के अन्तर्गत पब्लिक ट्रस्ट के पंजीयन हेतु आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है.

अत: सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति उक्त ट्रस्ट एवं उसकी सम्पत्ति जिसका विवरण नीचे परिशिष्ट में दिया गया है, के सम्बन्ध में आपत्ति अथवा दावा पेश करना चाहे तो वह नोटिस के राजपत्र में प्रकाशन की दिनांक से एक माह अर्थात् (30 दिन) के अंदर इस न्यायालय में न्यायालयीन दिवस एवं समय में स्वयं या अभिभाषक अथवा अधिकृत मुख्त्यार के माध्यम से आपत्ति दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते हैं अथवा पंजीकृत डाक द्वारा भी प्रेषित कर सकते हैं.

निश्चित अवधि के उपरांत प्राप्त आपत्तियों/दावों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

परिशिष्ट

(पब्लिक ट्रस्ट का नाम और पता एवं अचल-चल सम्पत्ति का विवरण)

ट्रस्ट का नाम	:	श्रीगौड़ विद्या मंदिर संस्था, इन्दौर.
पता	:	कार्यालय-40, रावजी बाजार मेन रोड, जूनी, इन्दौर (मध्यप्रदेश).
अचल सम्पत्ति	:	निरंक.
चल सम्पत्ति	:	नगद के रूप में रुपये 1,30,906/- (अक्षरी रुपये एक लाख तीस हजार नौ सो छः मात्र) हैं तथा ट्रस्ट डीड अनुसार कुल चल सम्पत्ति मूल्याकंन राशि 61,12,174/- है.

आज दिनांक 06 मई, 2016 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से प्रसारित किया गया.

(411-B)

(फार्म-चार)

[मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट एक्ट, 1951 (तीस) (95) की धारा-5 (2) व मध्यप्रदेश ट्रस्ट नियम, 1963 नियम-5 (1) के अंतर्गत]

आवेदक हॅप्पी वाण्डरर्स, इन्दौर तर्फे अध्यक्ष श्री सुधाकर ऊद्धवरेषे अन्य-4, पता-296, अनूप नगर, इन्दौर द्वारा हॅप्पी वाण्डरर्स, इन्दौर कार्यालय पता-296, अनूप नगर इन्दौर मध्यप्रदेश, जिला इन्दौर के द्वारा पब्लिक ट्रस्ट एक्ट की धारा-4 के अन्तर्गत पब्लिक ट्रस्ट के पंजीयन हेतु आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है.

अतः सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति उक्त ट्रस्ट एवं उसकी सम्पत्ति जिसका विवरण नीचे परिशिष्ट में दिया गया है, के सम्बन्ध में आपत्ति अथवा दावा पेश करना चाहे तो वह नोटिस के राजपत्र में प्रकाशन की दिनांक से एक माह अर्थात् (30 दिन) के अंदर इस न्यायालय में न्यायालयीन दिवस एवं समय में स्वयं या अभिभाषक अथवा अधिकृत मुख्त्यार के माध्यम से आपत्ति दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते हैं अथवा पंजीकृत डाक द्वारा भी प्रेषित कर सकते हैं.

निश्चित अवधि के उपरांत प्राप्त आपत्तियों/दावों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

परिशिष्ट

(पब्लिक ट्रस्ट का नाम और पता एवं अचल-चल सम्पत्ति का विवरण)

ट्रस्ट का नाम	:	हॅप्पी वाण्डरर्स, इन्दौर.
पता	:	कार्यालय-296, अनूप नगर, इन्दौर मध्यप्रदेश.
अचल सम्पत्ति	:	निरंक.
चल सम्पत्ति	:	चल सम्पत्ति में रुपये 11,000/- (अक्षरी रुपये ग्यारह हजार मात्र) हैं.

आज दिनांक 06 मई, 2016 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से प्रसारित किया गया.

(411-C)

(फार्म-चार)

[मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट एक्ट, 1951 (तीस) (95) की धारा-5 (2) व मध्यप्रदेश ट्रस्ट नियम, 1963 नियम-5 (1) के अंतर्गत]

श्री नरेन्द्र पिता मूलचंद जैन अन्य-12 पता-प्लाट नम्बर 10, उदय नगर, बंगाली चौराहा के पास इन्दौर, जिला इन्दौर के द्वारा आचार्य श्री विद्यासागर पारमार्थिक न्यास कार्यालय पता-प्लाट नं. 10, उदय नगर, बंगाली चौराहा के पास, इंदौर मध्यप्रदेश जिला इन्दौर के द्वारा पब्लिक ट्रस्ट एक्ट की धारा-4 के अन्तर्गत पब्लिक ट्रस्ट के पंजीयन हेतु आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है.

अतः सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति उक्त ट्रस्ट एवं उसकी सम्पत्ति जिसका विवरण नीचे परिशिष्ट में दिया गया है, के सम्बन्ध में आपत्ति अथवा दावा पेश करना चाहे तो वह नोटिस के राजपत्र में प्रकाशन की दिनांक से एक माह अर्थात् (30 दिन) के अंदर इस न्यायालय में न्यायालयीन दिवस एवं समय में स्वयं या अभिभाषक अथवा अधिकृत मुख्त्यार के माध्यम से आपत्ति दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते हैं अथवा पंजीकृत डाक द्वारा भी प्रेषित कर सकते हैं.

निश्चित अवधि के उपरांत प्राप्त आपत्तियों/दावों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

परिशिष्ट

(पब्लिक ट्रस्ट का नाम और पता एवं अचल-चल सम्पत्ति का विवरण)

ट्रस्ट का नाम	:	आचार्य श्री विद्यासागर पारमार्थिक न्यास.
पता	:	कार्यालय-प्लाट नं. 10, उदय नगर, बंगाली चौराहा के पास, इंदौर (मध्यप्रदेश).
अचल सम्पत्ति	:	निरंक.
चल सम्पत्ति	:	रु. 1,43,000/- (अक्षरी रुपये एक लाख त्रियालिस हजार मात्र).

आज दिनांक 27 अप्रैल, 2016 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से प्रसारित किया गया.

अजीत कुमार श्रीवास्तव,
रजिस्ट्रार.

(411-D)

अन्य सूचनाएं

मध्यप्रदेश शासन

सामान्य प्रशासन विभाग

मंत्रालय

(आदेश)

भोपाल, दिनांक 25 मई, 2015

क्र. ई-1/169/2016/5/एक.—**श्री अशोक कुमार शाह,** भाप्रसे (1990) को उनके द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में भारत सरकार, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, नई दिल्ली के ओ. एम. क्रमांक 19016/1/87-Estt. (A), दिनांक 12 मार्च, 1987 में निहित प्रावधानानुसार अपने नाम "श्री अशोक कुमार शाह" (Shri Ashok Kumar Shah) को परिवर्तित कर अब "**श्री अशोक शाह**" (Shri Ashok Shah) करने की अनुमति प्रदान की जाती है. तद्नुसार सभी कार्यालयीन प्रजोजनों के लिये अब उन्हें "**श्री अशोक शाह**" (Shri Ashok Shah) नाम से जाना जाएगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ॲन्टोनी डिसा,
मुख्य सचिव,
मध्यप्रदेश शासन.

(426)

कार्यालय परिसमापक एवं सहकारी निरीक्षक, सहकारी समितियां, ग्वालियर

(मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम, 1962 के नियम-57 सी के अन्तर्गत)

उप/सहायक पंजीयक, सहकारी समितियां, जिला ग्वालियर द्वारा निम्नलिखित सहकारी संस्थाओं को परिसमापन में लाया जाकर धारा-70 (1) के अन्तर्गत परिसमापक नियुक्त किया गया है:-

क्रमांक	नाम संस्था	पंजीयन क्रमांक व दिनांक	परिसमापन आदेश क्रमांकव दिनांक
1	2	3	4
1.	विध्या विहार गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्या., ग्वालियर	172/09-03-1990	1504/24-08-2015
2.	ग्वालियर दूरसंचार गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्या., ग्वालियर	181/09-02-1997	1504/24-08-2015
3.	दलितवर्ग गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्या., ग्वालियर	62/27-10-1975	2990/19-11-2014
4.	महर्षि बाल्मीकि गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्या., ग्वालियर	141/20-01-1988	2451/24-11-2012
5.	सुदर्शन गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्या., ग्वालियर	232/31-10-1975	2460/24-11-2012

1	2	3	4
6.	नव दुर्गा गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्या., ग्वालियर	393/28-08-2005	1113/31-03-2016
7.	संजय गांधी गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्या., ग्वालियर	101/10-05-1982	1114/31-03-2016
8.	महिला होजरी उद्योग सहकारी संस्था मर्या., ग्वालियर	926/29-03-2003	1090/30-03-2016
9.	जग्रति महिला साख सहकारी संस्था मर्या., ग्वालियर	872/31-12-1997	1005/29-03-2016
10.	अंकुर प्राथ. मुद्रणालय सहकारी संस्था मर्या., ग्वालियर	986/01-07-2009	1923/15-10-2015
11.	महिला प्राथ. मुद्रणालय सहकारी संस्था मर्या., ग्वालियर	281/21-00-2000	964/21-03-2016
12.	शुभारम्भिका गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्या., ग्वालियर	187/08-02-1992	1509/24-03-2015

सहकारी अधिनियम की धारा-71 (1) के अंतर्गत परिसमापन दिनांक से संस्थाओं की समस्त आस्तियां परिसमापक में वेष्ठित हो गई हैं. अत: मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम-1962 के नियम-57 (सी) के अंतर्गत उक्त सहकारी संस्थाओं के विरुद्ध दावों को इस सूचना-पत्र के जारी करने के दिनांक से 60 दिवस के अंदर मय प्रमाण के यदि कोई हो, तो लिखित रूप से मेरे कार्यालय उप पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला ग्वालियर में कार्यालयीन दिवसों में दोपहर 12.00 से 3.00 बजे तक प्रस्तुत करें, त्रुटि की दशा में साहूकारगण/दावेदारगण/सदस्यगण किसी भी लाभ के बंटवारे से वंचित होने से दायित्वाधीन होंगे, समयावधि उपरान्त उनके कोई दावे एवं आपत्तियां मान्य नहीं होंगी तथा संस्था की लेखा पुस्तकों में लेखबद्ध दायित्व स्वयमेव मुझे प्रस्तुत किये गये समझे जावेंगे.

यदि उक्त संस्थाओं के अभिलेख या आस्तियां, डेडस्टॉक, संस्था का रिकॉर्ड किसी के पास हो, तो अविलम्ब अधोहस्ताक्षरकर्ता को सौंपे यदि बाद में ज्ञात होता है कि किसी के द्वारा जानबूझकर आस्तियों या अभिलेख एवं रिकॉर्ड, डेडस्टॉक नहीं सौंपे गये हैं तो सम्बंधित के विरुद्ध उनको वसूलने हेतु विधिवत् वैधानिक कार्यवाही की जावेगी, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी सम्बन्धित की रहेगी.

यदि उक्त संस्थाओं के अभिलेख एवं आस्तियाँ समस्त प्रयासों के बावजूद प्राप्त नहीं होती हैं तो दावेदारों/साहूकारों/सदस्यों के दावे, आपत्तियों का निराकरण गत वर्षों के वित्तीय पत्रकों में दर्शाई गई लेनदारी एवं देनदारी की प्रविष्टियां बोगस/शून्यकाल मानकर तदानुसार पंजीयन निरस्ती हेतु अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत कर सक्षम अधिकारी के अनुमोदन से पंजीयन निरस्ती की कार्यवाही की जावेगी.

यह सूचना-पत्र आज दिनांक 13 मई, 2016 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया.

बी. एल. गुप्ता,
परिसमापक एवं सहकारी निरीक्षक.

(412)

कार्यालय परिसमापक एवं सहकारी निरीक्षक, सहकारी समितियां, ग्वालियर

(मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम, 1962 के नियम-57 सी के अन्तर्गत)

उप/सहायक पंजीयक, सहकारी समितियां, जिला ग्वालियर द्वारा निम्नलिखित सहकारी संस्थाओं को परिसमापन में लाया जाकर धारा-70 (1) के अन्तर्गत परिसमापक नियुक्त किया गया है:-

क्रमांक	नाम संस्था	पंजीयन क्रमांक व दिनांक	परिसमापन आदेश क्रमांक व दिनांक
1	2	3	4
1.	गंगा गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्या., ग्वालियर	394/24-10-2005	1124/31-03-2016
2.	अटल गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्या., ग्वालियर	371/11-06-2004	1125/31-03-2016
3.	अरिहंत गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्या., ग्वालियर	249/05-06-1996	1122/31-03-2016
4.	युवा गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्या., ग्वालियर	322/31-03-2011	1174/07-04-2016
5.	नैनां रैगजीन सिलाई उद्योग सह. संस्था गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्या., ग्वालियर.	363/21-10-2003	1174/07-04-2016

1	2	3	4
6.	कालिन्दी उद्योग सहकारी संस्था मर्या., ग्वालियर	390/11-03-2005	1001/29-03-2016
7.	दि. टैलीग्राफ क्रेडिट एम्प्लाई सहकारी संस्था मर्या., ग्वालियर	356/30-12-1996	1093/30-03-2016
8.	महा माई दुर्गा महिला बहु. सहकारी संस्था मर्या., किटोरा पिछौर	963/16-07-2004	1066/30-30-2016

सहकारी अधिनियम की धारा-71 (1) के अंतर्गत परिसमापन दिनांक से संस्थाओं की समस्त आस्तियां परिसमापक में वेष्ठित हो गई हैं. अत: मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम-1962 के नियम-57 (सी) के अंतर्गत उक्त सहकारी संस्थाओं के विरुद्ध दावों को इस सूचना-पत्र के जारी करने के दिनांक से 60 दिवस के अंदर मय प्रमाण के यदि कोई हो, तो लिखित रूप से मेरे कार्यालय उप/सहायक पंजीयक, अंकेक्षण सहकारी संस्थाएं, जिला ग्वालियर में कार्यालयीन दिवसों में दोपहर 12.00 से 3.00 बजे तक प्रस्तुत करें, त्रुटि की दशा में साहूकारगण/दावेदारगण/सदस्यगण किसी भी लाभ के बंटवारे से वंचित होने से दायित्वाधीन होंगे, समयावधि उपरान्त उनके कोई दावे एवं आपत्तियां मान्य नहीं होंगी तथा संस्था की लेखा पुस्तकों में लेखबद्ध दायित्व स्वयमेव मुझे प्रस्तुत किये गये समझे जावेंगे.

यदि उक्त संस्थाओं के अभिलेख या आस्तियां, डेडस्टॉक, संस्था का रिकॉर्ड किसी के पास हो, तो अविलम्ब अधोहस्ताक्षरकर्ता को सौंपे यदि बाद में ज्ञात होता है कि किसी के द्वारा जानबूझकर आस्तियों या अभिलेख एवं रिकॉर्ड, डेडस्टॉक नहीं सौंपे गये हैं तो सम्बंधित के विरुद्ध उनको वसूलने हेतु विधिवत् वैधानिक कार्यवाही की जावेगी, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी सम्बन्धित की रहेगी.

यदि उक्त संस्थाओं के अभिलेख एवं आस्तियाँ समस्त प्रयासों के बावजूद प्राप्त नहीं होती हैं तो दावेदारों/साहूकारों/सदस्यों के दावे, आपत्तियों का निराकरण गत वर्षों के वित्तीय पत्रकों में दर्शाई गई लेनदारी एवं देनदारी की प्रविष्टियां बोगस/शून्यकाल मानकर तदानुसार पंजीयन निरस्ती हेतु अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत कर सक्षम अधिकारी के अनुमोदन से पंजीयन निरस्ती की कार्यवाही की जावेगी.

यह सूचना-पत्र आज दिनांक 16 मई, 2016 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया.

एफ. ए. खॉन,
परिसमापक एवं वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक.

(413)

कार्यालय परिसमापक एवं सहकारी निरीक्षक, सहकारी समितियां, ग्वालियर

(मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम, 1962 के नियम-57 सी के अन्तर्गत)

उप/सहायक पंजीयक, सहकारी समितियां, जिला ग्वालियर द्वारा निम्नलिखित सहकारी संस्थाओं को परिसमापन में लाया जाकर धारा-70 (1) के अन्तर्गत परिसमापक नियुक्त किया गया है:-

क्रमांक	नाम संस्था	पंजीयन क्रमांक व दिनांक	परिसमापन आदेश क्रमांकव दिनांक
1	2	3	4
1.	भूतपूर्व सैनिक कल्याण साख सहकारी संस्था मर्या., ग्वालियर	567/31-08-1991	1113/30-06-2010
2.	अर्पित गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्या., ग्वालियर	312/20-09-2002	1113/30-06-2010
3.	सीमा सुरक्षा पुनर्वास साख सहकारी संस्था, ग्वालियर	887/05-04-1999	1355/06-08-2015
4.	ऊन बुनकर सहकारी संस्था मर्या., पिछोर	142/12-12-1954	1355/06-08-2015
5.	तिलहन उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., सूखापटा	539/31-03-1990	1355/06-08-2015
6.	तिलहन उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., गिजोर्रा	535/31-03-1990	1355/06-08-2015
7.	रविन्द्र नाथ टेगोर गृह निर्माण सहकारी संस्था, ग्वालियर	01/19-08-1959	1924/15-10-2015
8.	साया गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्या., ग्वालियर	241/17-01-1996	1129/31-03-2016
9.	संकट मोचन गृह निर्माण सहकारी संस्था, ग्वालियर	36/12-08-1971	1139/31-03-2016
10.	महिला विकास साख सहकारी संस्था, ग्वालियर	851/02-09-1996	1007/29-03-2016

सहकारी अधिनियम की धारा-71 (1) के अंतर्गत परिसमापन दिनांक से संस्थाओं की समस्त आस्तियां परिसमापक में वेष्ठित हो गई हैं. अत: मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम-1962 के नियम-57 (सी) के अंतर्गत उक्त सहकारी संस्थाओं के विरुद्ध दावों को इस सूचना-पत्र के जारी करने के दिनांक से 60 दिवस के अंदर मय प्रमाण के यदि कोई हो, तो लिखित रूप से मेरे कार्यालय उप पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला ग्वालियर में कार्यालयीन दिवसों में दोपहर 12.00 से 3.00 बजे तक प्रस्तुत करें, त्रुटि की दशा में साहूकारगण/दावेदारगण/सदस्यगण किसी भी लाभ के बंटवारे से वंचित होने से दायित्वाधीन होंगे, समयावधि उपरान्त उनके कोई दावे एवं आपत्तियां मान्य नहीं होंगी तथा संस्था की लेखा पुस्तकों में लेखबद्ध दायित्व स्वयमेव मुझे प्रस्तुत किये गये समझे जावेंगे.

यदि उक्त संस्थाओं के अभिलेख या आस्तियां, डेडस्टॉक, संस्था का रिकॉर्ड किसी के पास हो, तो अविलम्ब अधोहस्ताक्षरकर्ता को सौंपे यदि बाद में ज्ञात होता है कि किसी के द्वारा जानबूझकर आस्तियों या अभिलेख एवं रिकॉर्ड, डेडस्टॉक नहीं सौंपे गये हैं तो सम्बंधित के विरुद्ध उनको वसूलने हेतु विधिवत् वैधानिक कार्यवाही की जावेगी, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी सम्बन्धित की रहेगी.

यदि उक्त संस्थाओं के अभिलेख एवं आस्तियाँ समस्त प्रयासों के बावजूद प्राप्त नहीं होती हैं तो दावेदारों/साहूकारों/सदस्यों के दावे, आपत्तियों का निराकरण गत वर्षों के वित्तीय पत्रकों में दर्शाई गई लेनदारी एवं देनदारी की प्रविष्टियां बोगस/शून्यकाल मानकर तदानुसार पंजीयन निरस्ती हेतु अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत कर सक्षम अधिकारी के अनुमोदन से पंजीयन निरस्ती की कार्यवाही की जावेगी.

यह सूचना-पत्र आज दिनांक 18 मई, 2016 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया.

के. सी. शर्मा,
परिसमापक एवं सहकारी निरीक्षक.

(414)

कार्यालय उप-पंजीयक, सहकारी समितियां, जिला सिंगरौली

सिंगरौली, दिनांक 27 अप्रैल, 2016

क्र./परि./2016/397.—जिले में पंजीकृत विभिन्न सहकारी संस्थाओं के उन्हें अकार्यशील होने से परिसमापन में लाये जाने हेतु नीचे दर्शित विभिन्न कार्यालय के पत्रों से सहकारी विधान की धारा-69 (2) तहत सूचना-पत्र जारी किया जाकर निर्धारित दिनांकों को यथेष्ट उत्तर चाहा गया था. किन्तु निर्धारित दिनांकों को इन संस्थाओं द्वारा कोई उत्तर/जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया.

अत: मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-(2) के तहत मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग की विज्ञप्ति क्रमांक-एफ-5-1-99-1-सी, दिनांक 16 फरवरी, 2009 से प्राप्त पंजीयक की शक्तियों का प्रयोग करते हुये मैं बी. एस. परते, उप-पंजीयक सहकारी संस्थाएं, जिला सिंगरौली मध्यप्रदेश नीचे उल्लेखित निम्न सहकारी संस्थाओं को परिसमापन में लाता हूँ तथा सहकारी विधान की धारा-70 (1) अंतर्गत संस्थाओं के समक्ष में दर्शित अंकेक्षण अधिकारियों/वरिष्ठ सहकारी निरीक्षकों/सहकारी निरीक्षकों/उप-अंकेक्षकों को परिसमापक नियुक्त कर निर्देशित करता हूँ कि परिसमापनाधीन संस्था का सहकारी अधिनियम/नियम के प्रावधानों के तहत परिसमापन की कार्यवाही सम्पन्न कर 30 दिवस में अंतिम प्रतिवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत करें :-

क्र.	नाम संस्था	पंजीयन क्र./दिनांक	सूचना पत्र क्र./दिनांक	परिसमापक का नाम एवं पद
1	2	3	4	5
1.	बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्या., कोनी	263/14-07-2015	57/11-01-2016	श्री ए. डी. बघेल, सह. निरीक्षक.
2.	बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्या., दुधमनिया	264/14-07-2015	58/11-01-2016	श्री ए. डी. बघेल, सह. निरीक्षक.
3.	बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्या., पोखरी टोला	265/14-07-2015	59/11-01-2016	श्री ए. डी. बघेल, सह. निरीक्षक.
4.	बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्या., जोगिनी	266/14-07-2015	60/11-01-2016	श्री ए. डी. बघेल, सह. निरीक्षक.
5.	बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्या., चिनगी टोला	267/14-07-2015	61/11-01-2016	श्री पी. के. मिश्रा, व.स.नि.

1	2	3	4	5
6.	बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्या., अजनी	268/14-07-2015	62/11-01-2016	श्री आर. एस. गुप्ता, व.स.नि.
7.	बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्या., गहिलरा	269/14-07-2015	63/11-01-2016	श्री पी. के. मिश्रा, व.स.नि.
8.	शकुन बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्या., जमगढी.	270/14-07-2015	64/11-01-2016	श्री आर. एस. शर्मा, सह. निरीक्षक.
9.	बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्या., मलगा	272/14-07-2015	66/11-01-2016	श्री आर. के. वर्मा, अंके. अधिकारी.
10.	बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्या., शेरवा	274/14-07-2015	67/11-01-2016	श्री आर. एस. गुप्ता, व.स.नि.
11.	बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्या., दुअरा	275/14-07-2015	68/11-01-2016	श्री आर. एस. गुप्ता, व.स.नि.
12.	बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्या., अमिलिया	276/14-07-2015	69/11-01-2016	श्री आर. के. वर्मा, अंके. अधिकारी.
13.	बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्या., मलगो	277/14-07-2015	70/11-01-2016	श्री आर. एस. शर्मा, सह. निरीक्षक.
14.	बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्या., चिनगो	278/14-07-2015	71/11-01-2016	श्री एस. एस. सिंह, अंके. अधि.
15.	बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्या., बगैया	279/14-07-2015	72/11-01-2016	श्री आर. एस. गुप्ता, व.स.नि.
16.	बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्या., लमसरई	280/14-07-2015	73/11-01-2016	श्री व्ही. डी. मिश्रा, व.स.नि.
17.	बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्या., रेही	281/14-07-2015	74/11-01-2016	श्री व्ही. डी. मिश्रा, व.स.नि.
18.	बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्या., बैरदह	282/14-07-2015	75/11-01-2016	श्री व्ही. डी. मिश्रा, व.स.नि.
19.	बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्या., धरौली कला	283/14-07-2015	76/11-01-2016	श्री व्ही. डी. मिश्रा, व.स.नि.
20.	बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्या., पराई	284/14-07-2015	93/20-01-2016	श्री आर. के. निगम, उप अंके.
21.	बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्या., धवई	285/14-07-2015	94/20-01-2016	श्री आर. के. निगम, उप अंके.
22.	बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्या., बगदरा	286/14-07-2015	95/20-01-2016	श्री आर. के. निगम, उप अंके.
23.	बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्या., घोघरा	287/14-07-2015	96/20-01-2016	श्री आर. के. निगम, उप अंके.

1	2	3	4	5
24.	बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्या., कोरसर	288/14-07-2015	97/20-01-2016	श्री आर. के. निगम, उप अंके.
25.	बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्या., इटमा	289/14-07-2015	98/20-01-2016	श्री एस. एस. सिंह, अंके. अधि.
26.	बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्या., बंजारी	290/14-07-2015	99/20-01-2016	श्री ए. डी. बघेल, सह. निरीक्षक.
27.	बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्या., कुर्सा	291/14-07-2015	100/20-01-2016	श्री वाई बी तेली, व.स.नि.
28.	बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्या., सरौधा	292/14-07-2015	101/20-01-2016	श्री वाई बी तेली, व.स.नि.
29.	बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्या., गन्नई	293/14-07-2015	102/20-01-2016	श्री वाई बी तेली, व.स.नि.
30.	बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्या., पिपरा	294/14-07-2015	103/20-01-2016	श्री आर. के. वर्मा, अंके. अधि.
31.	बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्या., चूडीपाठ	295/14-07-2015	104/20-01-2016	श्री आर. के. वर्मा, अंके. अधि.
32.	बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्या., मेढौली	296/14-07-2015	105/20-01-2016	श्री पी. के. मिश्रा, व.स.नि.
33.	बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्या., कुकराव	297/14-07-2015	106/20-01-2016	श्री वाई बी तेली, व.स.नि.
34.	बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्या., बरका	298/14-07-2015	107/20-01-2016	श्री आर. के. वर्मा, अंके. अधि.
35.	जय अम्बे महिला सह. उप. भण्डार मर्या., धुरीताल (नवानगर).	763/04-09-1998	110/20-01-2016	श्री पी. के. मिश्रा, व.स.नि.
36.	शारदा प्राथ. महिला सह. उप. भण्डार मर्या., कचनी.	764/09-09-1998	111/20-01-2016	श्री पी. के. मिश्रा, व.स.नि.
